## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत घुनघुटी में गांधी ग्राम कुआं की सफाई की गई



**उमरिया।** जिला समन्वयक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत घुनघुटी ग्राम में गांधी ग्राम कुआ की साफ सफाई की गई। अभियान के तहत कुआ के अन्दर उगे झाड़ी को साफ किया गया तथा ग्रामीणों से भी अपील की गई कि ग्राम के नदी , तालाबों, कुओ के आस पास साफ सफाई बनाये रखे। जल को व्यर्थ नही बहाये। जल की एक एक बूंद को संरक्षित करने के लिए संकल्प लें। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने में नागरिक निभाए अपना कर्तव्य : कमिश्नर



**उमरिया ।** युवाओं की टोली ने कमिश्नर को भेंट किया सकोरा, कार्यों की दी जानकारी उमरिय 18 अप्रैल - ग्रीष्म काल को दृष्टिगत रखते हुए उमरिया युवा टीम द्वारा पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों व पशुओं को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में लोगों की जिम्मेदारी है कि वे पक्षियों के लिए दाना व पानी की उचित व्यवस्था कर अपने जिम्मेदारी का निर्वाहन करें। ताकि खुले आसमान और धूप में विचरण करने वाले पंछियों को राहत मिल सके। पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य उमरिया जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया ने पक्षियों के लिए कदम बढ़ाया है। युवाओं की टोली ने कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता को सकोरा भेंट किया तथा पक्षी मित्र हिमांशु तिवारी ने युवा टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी । कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने कहा कि युवा टीम उमरिया युवाओं की टोली का यह अत्यंत सराहनीय प्रयास है।

### मेडिकल कॉलेज की भर्ती में आरक्षण रोस्टर की अनदेखी

**शहडोल।** बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में सीधी भर्ती के तहत निकाली गई हालिया विज्ञप्ति में मध्य प्रदेश शासन के आरक्षण रोस्टर नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। अधिवक्ता विनायक प्रसाद शर्मा ने अधिष्ठाता को एक विस्तृत पत्र सौंपकर भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है और इसे शासन के नियमानुसार दुरुस्त करने की मांग की है। शर्मा के अनुसार महाविद्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति क्रमांक 210/स्था./राज./एमसी./2025 दिनांक 3 अप्रैल 2025 में दर्शाए गए विभिन्न विभागों के पदों का श्रेणीवार वितरण शासन के निर्धारित आरक्षण रोस्टर के अनुरूप नहीं है। उन्होंने बताया कि श्वहञ्ज विभाग में सहायक प्राध्यापक का एकमात्र पद अनुसूचित जनजाति बैकलॉग के तहत दर्शाया गया है, जबकि शासन के नियमों के अनुसार यह पद अनारक्षित श्रेणी में आना चाहिए। इसी प्रकार, आर्थोपेडिक विभाग में जहां पूर्व से कोई सहायक प्राध्यापक कार्यरत नहीं हैं, वहां सभी पद आरक्षित वर्गों को सौंप दिए गए हैं। अधिवक्ता शर्मा ने इसे प्रथम दृष्टया नियमविरुद्ध बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में आरक्षण रोस्टर के अनुसार प्रारंभिक पद अनिवार्य रूप से अनारक्षित होना चाहिए। पैथोलॉजी विभाग में भी तीन स्वीकृत पदों में से दो को सीधी भर्ती और एक को पदोन्नति हेतु चिह्नित किया गया है। अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पदोन्नति के पदों को सीधी भर्ती की श्रेणी में शामिल किया जाना आरक्षण नीति का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार पदोन्नति में आरक्षण व्यवस्था 2016 से प्रभावहीन है, अतः ऐसे पदों को अलग से चिन्हित कर श्रेणीवार विभाजन किया जाना चाहिए। इसके अलावा, कंम्यूनिटी मेडिसिन और पैथोलॉजी विभागों में ट्यूटर के रिक्त पदों को अनुसूचित जाति बैकलॉग में दर्शाया गया है, जबकि अधिवक्ता के अनुसार ये पद त्यागपत्र या पदोन्नति के कारण रिक्त हुए हैं, अतः इन्हें प्रतिस्थापन रोस्टर के अनुसार भरा जाना चाहिए था। रिस्पायरेटरी मेडिसिन विभाग का मामला भी विवादों में है, जहां सहायक प्राध्यापक का एकमात्र पद सामान्य श्रेणी में आना चाहिए था, लेकिन उसे ओबीसी बैकलॉग में शामिल कर दिया गया है।

# रामनगर ओपन कास्ट में माइनिंग सरदार की संदिग्ध तैनाती पर उठे सवाल जीएम बोले, सख्त कार्रवाई होगी

**(बिलाल अहमद )**
**पीपुल्स प्रवक्ता, अनूपपुर ।**

एसईसीएल हसदेव क्षेत्र अंतर्गत राजनगर ओसी एम में कोयला ट्रांसपोर्ट लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए राज नगर प्रबंधक द्वारा एक माइनिंग सरदार की विशेष रूप से नियुक्ति की गई है जिसके कार्य क्षेत्र की जानकारी किसी को नहीं है और इन्हें विशेष रूप से राजनगर प्रबंधक द्वारा हाजिरी के साथ-साथ ओटी की भी व्यवस्था की गई है और यह माइनिंग सरदार राजनगर ओसीएम के कोयला स्टाक मैं माइनिंग सरदार का सबसे ज्यादा इंटरफेयर होता है क्योंकि किस ट्रांसपोर्टर को कौन से ग्रेड का कोयला देना है यह यही व्यक्ति भी तय करता है और इसके आवाज में उन ट्रांसपोर्टो से अनाप-शनाप पैसे की रकम ली जा रही है जो ईमानदार एसईसीएल के अधिकारियों की कर रहा है वही प्राप्त जानकारी के अनुसार हसदेव क्षेत्र के रामनगर ओपन कास्ट खदान में इन दिनों कोयले से ज्यादा चर्चा माइनिंग सरदार शिवेंद्र सिंह की तैनाती को लेकर हो रही है। आरोप है कि उन्हें खदान के मुख्य क्षेत्रों की बजाय कांटा घर में बैठा दिया गया है, जहाँ न तो कोई खनन होता है, न ब्लास्टिंग, और न ही कोई विशेष सुरक्षा जोखिम होता है।






माइनिंग सरदार का कार्यक्षेत्र आमतौर पर खदान के अंदर होता है, जहाँ उन्हें सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी, ब्लास्टिंग प्रक्रिया की देखरेख, और खनिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना होता है। लेकिन कांटा घर, जहाँ ट्रकों में लदे कोयले का वजन मापा जाता है, वहाँ उनकी नियमित मौजूदगी कई सवाल खड़े करती है।

सूत्रों के अनुसार कांटा घर में उनकी उपस्थिति का कोई औपचारिक औचित्य नहीं है, क्योंकि वहाँ सुरक्षा की जिम्मेदारी सामान्यत~ सिक्योरिटी गार्ड और तकनीकी कर्मचारियों की होती है। इस विषय पर जब खदान प्रबंधन से पूछा गया, तो जवाब मिला कि उनकी पोस्टिंग गोपनीय कारणों से की गई है। यह जवाब और भी संदेह को जन्म देता है।

सूत्रों से मिली जानकारी में इसके अलावा यह भी सामने आया है कि शिवेंद्र सिंह को अन्य कर्मचारियों की तुलना में सबसे अधिक ओवरटाइम मिलता है। साथ ही, वे सतही (सरफेस) काम में तैनात होने के बावजूद उन्हें भूमिगत (अंडरग्राउंड) अलाउंस भी मिल रहा है, जो कि सिर्फ उन कर्मचारियों को दिया जाता है जो खदान के अंदर काम करते हैं।

जब इस पूरे मामले पर महाप्रबंधक से बात की गई, तो उन्होंने स्पष्ट कहा -मैं इस मामले में संलिप्त सभी लोगों को सस्पेंड कर दूंगा और मैंने इस बात की सूचना मैनेजर को भी दे दी है।÷

त्ररूकी इस प्रतिक्रिया से संकेत मिलता है कि यदि मामले की जांच में गड़बड़ी पाई गई, तो जिम्मेदार कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

अब देखना यह है कि प्रबंधन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वास्तव में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होती है या यह मुद्दा भी अन्य शिकायतों की तरह दबा दिया जाएगा।

## विवेक पब्लिक स्कूल व परीक्षा परिणाम घोषित

### प्रवेशोंत्सव कार्यक्रम का भी आगाज

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

स्थानीय विवेक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल शहडोल एवं सत्य साई इंग्लिश मीडियम स्कूल शहडोल का वर्ष 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम कक्षा एल के जी से आठवीं तक विद्यालय सभागार में परीक्षा फल विद्यालय की प्राचार्य डॉ अनीता निगम एवं विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ गोपाल निगम की उपस्थिति में व शिक्षक एवं शिक्षकों की उपस्थिति में घोषित किया गया। विद्यालय के संचालक डॉ गोपाल निगम एवं विद्यालय की प्राचार्य डॉ अनीता निगम परीक्षा फल घोषित कर विद्यालय के प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई शुभकामनाएं देते हुए मेडल एवं अन्य सामग्री के साथ पुरस्कृत किया गया जिसमें क्रमशः प्रथम स्थान पहली कक्षा में पूनम कचेर, दुर्गा सिंह अक्षत दुबे उत्तीर्ण होकर सर्वाधिक अंक प्राप्त किया कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान- रुद्र गुप्ता द्वितीय स्थान देव यादव शैलजा तोमर तृतीय स्थान हासिल किए हैं तीसरी में प्रथम स्थान आसिफ शेख दूसरा स्थान तमन्ना कुशवाहा तीसरा स्थान साबरा वी, चौथी कक्षा में प्रथम स्थान अनामिका लखेर, दूसरा स्थान आदर्श यादव तीसरा



स्थान रमन सिंह कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान संजू सिंह दूसरा स्थान भूमि प्रजापति तीसरा स्थान कृष्ण प्रसाद बैग कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान आकांक्षा दुबे दूसरा स्थान जान्सू यादव तीसरा स्थान स्वेच्छा उरमालिया सातवीं कक्षा में प्रथम स्थान अर्पिता लखेर दूसरा स्थान धानी चौधरी कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान राज गुप्ता द्वितीय स्थान आलिया परवीन तीसरा स्थान रितिका बर्मन ने प्राप्त किया इसी प्रकार सत्य साई अंग्रेजी माध्यम स्कूल शहडोल का भी परिणाम घोषित किया गया जिसमें क्रमशः कक्षा एल केजी में प्रथम स्थान प्रिया बैग द्वितीय स्थान अदिति गुप्ता यूकेजी में प्रथम स्थान फातिमा अंजुम, किरण प्रजापति कक्षा पहली में प्रथम स्थान सृष्टि मिश्रा द्वितीय स्थान रितिका शुक्ला तृतीय स्थान आर्यन त्रिपाठी अमन यादव कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान अनन्या लखेर द्वितीय स्थान आरिफ हमजा शिव बग्गन कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान काव्या सिंह द्वितीय स्थान अजय दीक्षित वैष्णो देवी सोनी तीसरा स्थान आयुष बर्मन कक्षा चौथी में प्रथम स्थान रितिका तिवारी योगिता सैनी द्वितीय स्थान अंशिका सिंह प्रतिष्ठान रुही शुक्ला कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान श्रेया जयसवाल दृतीय स्थान सृष्टि श्रीवास्तव तृतीय स्थान संध्या यादव कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान शुभांगी मिश्रा द्वितीय स्थान अंश भुजवा, अंशिका मिश्रा तीसरा स्थान आरोही भुजवा, साक्षी गुप्ता कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान किसन बैगा द्वितीय स्थान मानसी बैग, मानवी गुप्ता तीसरा स्थान लक्ष्मी भुजवा एवं कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान जय वर्मन, भूमि त्रिपाठी एवं शुभ मिश्रा अपना अपना स्थान अर्जित कर विद्यालय के साथ-साथ अपने अपने अभिभावकों का भी नाम रोशन किया विद्यालय की प्राचार्य डॉ अनीता निगम एवं संचालक डॉ गोपाल निगम रिजल्ट घोषित करने के साथ-साथ विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 2025-26 का भी आगाज किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रभारी प्रचार उमाकांत वर्मा, पीआरओ रामकरण मिश्रा के साथ मां वीणा वादिनी सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पमाला चंदन वंदन कर पूजा अर्चना की गई बाद में उपस्थित शिक्षकों में अंकित कुशवाहा, मोहम्मद नवाब खान, भारतीय शुक्ला, दीप सिंह, शोभा सिंह मरावी, प्रीति विश्वकर्मा, विधि गुप्ता, शाहिना बेगम, आशिका खान, श्रुति गुप्ता, वंदना गुप्ता, गिरवर खाण्डे के साथ शिक्षक शिक्षकाओं एवं वरिष्ठ अभिभावक गणों की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय में उपस्थित सभी अभिभावक गणों के साथ छात्र-छात्राओं को पुष्प गुच्छ व चंदन लगाकर साथ ही साथ तिलकोत्सव कर विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया।

## रस रंग पार्क का जीर्णोद्धार नगर परिषद के द्वारा कराया जा रहा



**पीपुल्स प्रवक्ता, बिजावर।**

नगर परिषद बिजावर के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्य का शुभारंभ 30 मार्च से किया गया उक्त कार्य के अंतर्गत नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 15 में स्थित रस रंग पार्क का जीर्णोद्धार नगर परिषद के द्वारा कराया जा रहा है जिसके अंतर्गत घास लगाई जा रही है एवं फुटपाथ तैयार किया जा रहा है तथा आगंतुक महान भाव के लिए एक टीन सेड का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है।

उक्त कार्य पर 200000 की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें से घास लगाने का कार्य एवं फुटपाथ का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा टीन सेड का कार्य लगभग 1 सप्ताह में पूर्ण कर लिया जावेगा जल गंगा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद के द्वारा आम नागरिकों के सहयोग से एवं नगर परिषद के प्रयास से बाग बगीचों का रखरखाव एवं सुधार कार्य निरंतर जारी है रस रंग पार्क का सुधार कार्य होने से जहां पर आम नागरिकों को पार्क में बैठने की एवं बच्चों को फुटपाथ पर पैदल चलने हेतु एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं जिससे कि प्रातः काल पार्क में भ्रमण करने से शुद्ध वायु एवं स्फूर्ति आम नागरिकों को प्राप्त हो सके ऐसा प्रयास नगर परिषद के द्वारा किया जा रहा है।

## प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को किया गया याद

# गुड फ्राइडे पर निकाला गया जुलूस रविवार को मनाया जायेगा ईस्टर पर्व

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

राष्ट्रीय ईसाई महासंघ (इंडिया) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष क्रिस्टी अब्राहम, शहडोल जिला सचिव किस्टोफर बास्टिन ने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पवित्र शुक्रवार को यीशु मसीह का स्मरण श्रद्धा भक्ति के साथ याद किया जाता है। भक्तगण आज के दिन यीशु मसीह के पीड़ा सहन तथा क्रूस मरण के द्विव्य रहस्यों के बारे में ध्यान मनन करता है। विश्व के ईसाई धर्मवलम्बी उस सलीब की वंदना करता है जिसने उन्हें मुक्ति दिलाई। दो हजार वर्ष पूर्व एक शुक्रवार को कलवरी के सलीब पर यिशु मसीह का मरण हुआ था, जिसके जरिये मानव को मुक्ति मिली तथा मानव प्रेम से प्रेरित होकर उनको अपने पापों की दास्ता से स्वतंत्रता दिलाने तथा ईश्वरत्व से सम्पर्क कराने के लिये यिशु मसीह ने अपने जीवन को सलीब पर अर्पित किया। यिशु मसीह ने अपना लहू मानव जाति के उद्धार के लिये बहाया और हमारा उद्धार पाप और मृत्यु के बंधनों से किया।



क्रूस पर अपने अंतिम समय में यिशु मसीह ने कहे थे। (1) हे पिता इन्हें क्षमा कर ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं (लूका 23.34) (2) तू आज ही मेरे साथ स्वर्ग लोक में होगा। (डाकुओं से) (लूका 23.43) (3) हे नारी देख यह तेरा पुत्र और यह तेरी माता है। (यहोना 19.26) (4) हे परमेश्वर तूने मुझे क्यों छोड़ दिया (मत्ती 27.46) (5) मैं मैं प्यासा हैं। हूँ (यहोनना 19.28) (6) पूरा हुआ (यहोना) 19.30) (7) हे पिता मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूँ (लूका 23.46) इन्हीं 7 वाणियों को भक्तगण मनन करते हुए वेदना-यातनायें व दुख जो यीशु मसीह ने सहे थे अपने मसीही जीवन में लाते हैं। होली स्पिरिट कैथोलिक चर्च शहडोल से दरभंगा चौक इंदिरा चौक, गांधी चौक, जैन मंदिर, परमट, रेलवे स्टेशन से होते हुए दरभंगा चौक वापस कैथोलिक चर्च में समाप्त हुआ। उक्त झांकियों में प्रभु यिशु टैरेन्स वास्टिन, सैनिक क्रिस्टी अब्राहम, दीपक डेविड, जॉर्ज पॉल, नेल्सन फर्नांडिस, जेम्स एंथोनी, विजय कुजूर, पंकज तिग्गा, अंकित जॉन खलखो, जॉन केरकेट्टा, वैभव परस्ते। वही सिरनी सिमोन, सजी मैथ्यू, माता मरियम मारजोरी रॉड्रिक्स, वेरोनिका, मेरी मेगदलीना, यारूस्लेम की स्त्रियां बने थे। फादर जगन राज, रेव्हे, जे.एस. मैथ्यूज, राईट रेवरेन्ट बिशप एस. के. आशावान, फादर जॉन सुरेंद्र, रेव्ह के वाणी, डॉ. शिफाली बारिया, रेव्ह, अल्बर्ट स्टीफेन, रेव्ह एस. के. सैमुअल, पास्टर अमित रावत, पा. सर्वेश गुप्ता, पा. देवसिंह, पा. सागर, पा. मनबोध, पा. गया, पा. मुकेश, पा. जी.पी. मोंगरे, पा. लक्षपत, रवि सिंह, अलबर्ट बार्टन, सिरिल वार्टन, क्रिस्टोफर वास्टिन, क्लीफोर्ड, अभिषेक आइजक, रॉकी, सुमन कुजूर, हेमंत आइजक, ब्रेनाडेट लॉरेंस जॉन अब्राहम, संध्या किरण कुजूर, सरोज, जैकलिन अब्राहम, क्रिस्टी अब्राहम, सजी मैथ्यू क्रिस्टोफर एक्का, हरमन लकड़ा, अलविन पीटर, के साथ संभाग के सभी फादर, पास्टर, प्रचारक धर्म बहनें, बच्चे महिलायें, बुजुर्ग उपस्थित रहे।

## पोषण अभियान के तहत 21 अप्रैल को आयोजित की जाएगी गतिविधियां

**पीपुल्स प्रवक्ता, उमरिया।**

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 21 अप्रैल को बच्चों मे मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने पर बल , पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन की थीम पर मोटापे से मुक्ति, बीमारियो से मुक्ति विषय अंतर्गत सही पोषण हेतु जागरूकता, सक्रिय जीवन शैली स्वस्थ्य जीवन का आधार, शारीरिक माप कर बच्चो के पोषण स्तर का निर्धारण, चिन्हित कुपोषित बच्चों की सी मैम कार्यक्रम में पंजीयन एवं पोषण प्रबंधन साप्ताहिक फॉलोअप एवं दवाईयों का वितरण के विषय पर संतुलित आहार पर पोषण संवाद, स्वस्थ्य बालक , बालिका स्पर्धा का आयोजन, फास्ट फूड, पैक्ड कोल्ड ड्रिंक आदि के सेवन से होने वाले नुकसान से अवगत कराने, गर्भवती महिला एवं धात्री महिलाओ के साथ एनीमिया के संबंध में चर्चा, संतुलित आहार एवं योगाभ्यास गर्भावस्था के दौरान अपर्याप्त नींद, भोजन, दूषित पेयजल भोजन एवं एनीमिया विषयक जागरूकता सत्र तथा दस दिवसीय शारीरिक माप दिवस का आयोजन कर दिवस हेतु निर्धारित बच्चों का वजन , लंबाई एवं उंचाई माप कर पोषण ट्रैकर ऐप में प्रविष्टि की गतिविधि आयोजित की जाएगी।

# कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जल संवर्धन कार्यों के लक्ष्य आबंटित कर काम में तेजी लाने के दिए निर्देश

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार शहडोल जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न विभागों के माध्यम से अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की तथा अभियान को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंनें कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश सरकार का महत्वाकांक्षी अभियान है इस अभियान को जनता एवं सरकार को मिलकर संचालित करना है।

आम जनता को जल संरक्षण संवर्धन एवं प्रबंधन की जानकारी देकर सहभागी बनाना है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, एसडीएम सोहागपुर श्री अरविंद शाह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नरेन्द्र सिंह धुर्वे, सहायक आयुक्त, उप संचालक कृषि, जिल समन्वयक जन अभियान परिषद श्री विवेक पांडेय, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, ग्रामीणा यांत्रिकी सेवा, पीएचई, डीपीसी, सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा सीईओ जनपद पंचायत उपस्थित रहे।



कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने कहा है कि नए तालाबों, अमृत सरोवरों, के निर्माण, पुराने तालाबों, जलाशयों का जीर्णोद्धार, स्टाप डैमों की साफ-सफाई, एवं कड़ी शटर लगाने के कार्य, कपिल धारा, खेत तालाब, बलराम तालाब, जिन स्थानों पर हैण्डपंप या निस्तारी कुओं, का पानी व्यर्थ में बह रहा है वहां हौज, या रिर्चाज पिट बनाने तथा शासकीय भवनों में रूफ वार्टर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था के निर्देश दिए। आपने कहा कि कृषि विभाग पर ड्राप मोर क्राप के सिद्धांत पर स्प्रिंकलर एवं पाईप लाईन विछाने के कार्य को प्राथमिकता से करें। सीईओ जनपद पंचायत पूर्व में बनाई गई जल संरचनाओं की जानकारी संबंधित तहसीलदार को देकर राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराएं। शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा डीपीसी विद्यार्थियों को जिले में बने वाले नदियों, प्रसिद्ध स्थलों, तथा ऐतिहासित तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों की जानकारी देने के साथ ही निबंध प्रतियोगिता, रंगोली, पेन्टिग प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित कराएं।

## 19 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरुद्ध

**पीपुल्स प्रवक्ता अनुपपुर।**

म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि उपसंभसाग राजेन्द्रग्राम अंतर्गत वितरण केन्द्र राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक तथा बेनीबारी में आने वाले समस्त 11 केव्ही लाईन एवं ट्रांसफार्मरों का प्री मानसून मेंटिनेंस किए जाने हेतु शट डाउन की आवश्यकता है।

उक्त कार्य के सम्पादन हेतु 19 अप्रैल को 11 के.व्ही. टेडी लालपुर फीडर, 11 के.व्ही. बम्हनी फीडर तथा 11 के.व्ही.भेजरी फीडर से जुड़े समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।